EHD-08/BHDE-108

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
जुलाई 2023 एवं जनवरी 2024 सत्रों के लिए

प्रयोजनमूलक हिंदी
पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.डी.–08 / बी.एच.डी.ई.–108
हिंदी में ऐच्छिक पाठ्यक्रम

मानविकी विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

हिंदी में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम : ई.एच.डी.–08 / बी.एच.डी.ई–108 / टी.एम.ए / 2023–24

प्रिय छात्र / छात्राओ,

यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य टी.एम.ए है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। सत्रीय कार्य में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएंगे।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य–सामग्री को कितना समझा है और आप उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

सत्रीय कार्य जमा कराने की तिथियाँ :

जुलाई 2023 सत्र के लिए : 30 अप्रैल 2024
जनवरी 2024 सत्र के लिए : 31 अक्तूबर 2024

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

इस सत्रीय कार्य में आपसे मुख्य रूप से तीन तरह के प्रश्न पूछे गए हैं। लंबे निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 800 शब्दों में लिखने हैं तथा लघु प्रश्नों के उत्तर 500 शब्दों में देने हैं। इसके अलावा तीसरी श्रेणी के प्रश्न हैं जिनमें दिए गए शीर्षक पर 300 शब्दों में टिप्पणी लिखनी है।

1. अध्ययन : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से पूनर्व्यवस्थित कीजिए।
2. अभ्यास : उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से विचार कीजिए। निबंधात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्धता और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।
   यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :
   क) आपका उत्तर तार्किक और संसंगत हो,
   ख) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,
   ग) उत्तर, प्रश्न में निर्धारित शब्दों से अधिक लंबा न हो, और
   घ) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।
3. प्रस्तुति : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएं तो उसे साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

शुभकामनाओं के साथ।

नोट : याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हिंदी में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
हिंदी गद्य
सत्रीय कार्य
(पाठ्यक्रम के सभी खंडों पर आधारित)

पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.डी.–08 / बी.एच.डी.ई–108
सत्रीय कार्य कोड : बीएचडी.ई–108 / ईएचडी–08 / टीएमए / 2023–24
कुल अंक : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खंड– 'क'

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 800 शब्दों में दीजिए : **4x15=60**

1. प्रयोजनमूलक हिंदी के स्वरुप का वर्णन कीजिए।
2. टिप्पणी लेखन के प्रकारों का वर्णन कीजिए।
3. वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन के स्वरुप का वर्णन कीजिए।
4. राष्ट्रीयकृत बैंकों में प्रयुक्त हिंदी पर विस्तृत टिप्पणी कीजिए।

खंड–ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए : **3x10=30**

5. समाचारों की भाषा का वर्णन कीजिए।
6. फिल्म समीक्षा की हिंदी कैसी होनी चाहिए सोदाहरण समझाइए।
7. राजभाषा के रुप में हिंदी के विकास का वर्णन कीजिए।

खंड–ग

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए : **5x2=10**

8. मौलिक लेखन
9. मुद्रित जनसंचार